## सार-समाचार

### सोम नदी में बहे युवक का शव मिला

**उदयपुर, (कासं)।** सलूंबर जिले में सोम नदी के बहाव को पार करते वक्त बहने वाले युवक का शव शुक्रवार को निकाल लिया गया। घटना एक दिन पहले गुरुवार सुबह 11 बजे की है। घटना के बाद सलूंबर की सिविल डिफेंस टीम ने दिनभर शव की तलाश की। लेकिन सफलता नहीं मिली थी। बाद में सलूंबर प्रशासन की तरफ से उदयपुर संभाग स्पेशल सिविल डिफेंस टीम को बुलाया गया। टीम ने कडी मशक्कत से मृतक का शव बाहर निकाला। जो शव गिरने वाले स्थल से करीब सौ मीटर दूर मिला। जिसे झल्लारा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय फतहलाल मीणा निवासी खेरपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना खेरपुरा की है जहां ग्रामीणों को कच्चा रास्ता पार कर जाना पडता है। इस रास्ते पर सोम नदी में पानी आने पर बहाव तेज हो जाता था। मृतक फतहलाल अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता था। वह गांव से वापस अहमदाबाद मजदूरी के लिए जा रहा था।बताया जा रहा है कि पानी का करीब 2 फीट बहाव था। रास्ता पार करते समय पैर फिसलने से संतुलन बिगडा और वह पानी में बह गया। आसपास ग्रामीणों को जब इसका पता लगा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

### कंटेनर ने बाइक सवार को कुचला

**कपासन**, (निसं)। कपासन में सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक अपने कार्यस्थल से खाना खाने के लिए घर जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। यह घटना कस्बे के अजमीढ़ सर्किल के पास हुई। मृतक की पहचान कपासन के वार्ड 1, रूपतलाई निवासी रामलाल (32) पुत्र छोगा लाल जटिया के रूप में हुई है। रामलाल कृषि उपज मंडी के पास स्थित अपने कार्यस्थल से बाइक पर घर जा रहा था। अजमीढ़ सर्किल के पास पीछे से आ रहे कंटेनर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से रामलाल सड़क पर गिर गया और कंटेनर उसे कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे में रामलाल की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी जेब में रखा मोबाइल भी टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई दुर्गालाल और भेरूलाल जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि रामलाल भवन निर्माण में मिस्त्री का काम करता था। वह दोपहर में खाना खाने घर जा रहा है।

### राष्ट्रीय टूथ ब्रशिंग दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग, पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, देबारी, उदयपुर द्वारा राष्ट्रीय टूथब्रशिंग दिवस पर शुक्रवार को राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, देबारी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं को दाँत साफ करने की सही विधि सिखायी और प्रदर्शित की गई। कक्षाओं में मौखिक स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा भी दी गई। विद्यालय की छात्राओं के लिए दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।छात्राओं को ओरल हाइजीन किट (टूथब्रश और टूथपेस्ट) वितरित किए गए तथा दाँत साफ करने की सही विधि पर आधारित हिन्दी पम्पलेट्स भी बाँटे गए। साथ ही पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को भी सही ब्रशिंग तकनीक और मौखिक स्वच्छता के सुझावों के बारे में शिक्षित और जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. ए. भगवानदास राय, विभागाध्यक्ष डॉ. कैलाश असावा, डॉ. सुरेश दशोरा, स्नातकोत्तर छात्र एवं इंटर्न उपस्थित रहे।

### साई तिरुपति विवि में वन्दे मातरम गान

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रगीत वन्दे मातरम की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को उमरडा स्थित साई तिरुपति विश्वविध्यालय में सामूहिक वन्दे मातरम गायन किया गया जिसमे यूनिवर्सिटी के कुलपति रजिस्ट्रार, अधिकारियों, संघटक महाविध्यालयों के प्राचार्यो, चिकित्सक गण, फैकल्टी मेम्बर्स, छात्रों तथा स्टाफ ने उत्साह के साथ भाग लिया। कुलपति डॉ. प्रशांत नाहर ने बताया कि साँस्कृतिक मंत्रालय, भारत सरकार तथा यूजीसी के दिशा निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 7 नवम्बर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक विश्वविध्यालय में वर्षपर्यंत, वंदे मातरम में निहित राष्ट प्रेम, बलिदान और एकता के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### एचडीएफसी बैंक शाखा का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली यूनिवर्सिटी में आज एचडीएफसी बैंक की नई शाखा गीतांजली यूनिवर्सिटी शाखा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे.पी. अग्रवाल एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, एचडीएफसी बैंक के जोनल हेडकुमार सौरभ तथा ब्रांच मैनेजर चंदन पालीवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर गीतांजली यूनिवर्सिटी एवं गीतांजली हॉस्पिटल की लीडरशिप टीम, स्टाफ सदस्य और एचडीएफसी बैंक के अधिकारी भी मौजूद थे। नव स्थापित शाखा से छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों को बैंकिंग सेवाओं का त्वरित और आसान लाभ मिल सकेगा। इस पहल से न केवल वित्तीय सेवाएँ परिसर में सुलभ होंगी, बल्कि यह यूनिवर्सिटी में डिजिटल बैंकिंग को भी प्रोत्साहन देगी।

### आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाई

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने 1109 प्लॉट देने की योजना की अंतिम तारीख को आगे बढा दिया गया है। दरअसल उदयपुर में प्राधिकरण ने शहर के साउथ एक्सटेंशन सेक्टर, (राजस्व ग्राम सवीना खेडा),उद्यम विहार (राजस्व ग्राम कलडवास) और नान्देश्वर एनक्लेव (राजस्व ग्राम नोहरा) में कुल 1109 भू.खण्डों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि इन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन करने की 7 नवंबर की शाम 5 बजे तक आखिरी समय सीमा थी। लेकिन प्राधिकरण ने अब इसकी अंतिम तिथि बढा दी है। अब आवेदन जमा कराने की तारीख आगे बढाकर 17 नवंबर की शाम 5 बजे तक कर दी है। सचिव हेमेंद्र नागर ने बताया कि आवेदक यूडीए की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूडीए के ऑनलाइन आवेदन में अब तक तीनों योजनाओं में करीब 25 हजार 500 लोगों के आवेदन जमा हो चुके हैं। इसमें साउथ एक्सटेंशन सेक्ट, में 16500, उद्यम विहार (कलडवास) में 5500 और नान्देश्वर एनक्लेव में 3500 आवेदन आए है।

### उदयपुर शहर में सर्दी तेज हुई

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर में नवम्बर के पहले सप्ताह में ही यकायक सर्दी बढ़ गई है। दो दिन में तापमान में लगातार गिरावट के चलते यह 12 डिठी पर पहुंच गया और सर्दी एकदम तेज हो गई। दिन के तापमान में भी लगातार गिरावट हो रही है। तीन दिन पहले जहां रात का तापमान 21.6 डिग्री था जिसमें निरंतर कर्मी दर्ज की गई है।उदयपुर शहर में सर्दी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अब हर पहर में सर्दी का एहसास होने लगा है। लोगों ने सर्दी से बचाव के लिए अब ऊनी वस्त्रों को भी निकाल लिया है और सड़कों पर शाम व सुबह चलने वाले लोग जैकेट पहने दिखाई देने लगे है। इधर, मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री था जिसमें क्रमश: 15.4, 14.0 व 12 डिग्री लगातार कमी हो रही है। वहीं दिन का तापमान भी धीरे-धीरे गिर रहा है। आगामी दिनों में सर्दी और तेज होने के आसार है।

### सुन्दरकाण्ड पारायण आज

**बांसवाड़ा**, (निसं)। मानस महिला मण्डल की मासिक बैठक एवं सुन्दरकाण्ड पारायण आज शनिवार को अपरान्ह तीन बजे से मानस भवन में होगा। मानस महिला मण्डल की अध्यक्ष शशिबाला चौबीसा ने बताया कि बैठक में मानस महिला मण्डल की सदस्याएं सामूहिक संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ, हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन भी करेंगी। संयोजिका राधा जोशी ने कहा कि शनिवार को सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरान्त आगामी 25 से 31 दिसम्बर के मध्य 7 दिवसीय बरसाना की साध्वी जयप्रिया दीदी द्वारा भक्तमाल की 108 कथा के आयोजन पर विचार विमर्श करते हुए प्रभार एवं दायित्व सम्बन्धी योजना पर रूपरेखा बनायी जायेगी।

### असेंबली में मंडावर सरपंच करेगी शिरकत

**देवगढ़/राजसमंद, (निसं)।** मंडावर की आवाज माया नगरी मुंबई में भी गूंजेगी।मंडावर को गुमनामी के अंधेरे से निकालकर देश-प्रदेश में विशिष्ट पहचान कायम करवाने वाली सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के साथ अपने गांव के विकास की कहानी मुंबई में गूंजेगी। ज्ञातव्य है कि मंडावर सरपंच 8 व 9 नवंबर को मुंबई में आयोजित होने वाले राइजिंग लीडर काउंसिल नेशनल असेंबली में भाग लेगी कार्यक्रम में देश भर के बेस्ट सरपंच भाग ले रहे हैं। वहीं प्यारी कुमारी चौहान राजस्थान से भाग लेने वाली एकमात्र सरपंच है।

# 'अधिकारी आमजन के मध्य जाकर उनकी समस्याएं सुनें'

■ ग्रावृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत 20 लाभार्थियों को पीपीओं नंबर जारी कर किया लाभान्वित

**डूंगरपुर, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही जिला कलक्टर की रात्रि चौपालों में परिवेदनाओं का शीघ्र समाधान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत कनबा में रात्रि चौपाल आयोजित हुई ।

पंचायत समिति बिछीवाडा की ग्राम पंचायत कनबा के राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीणों ने ग्राम कनबा के वेदावाडा मोहल्ले में नियमों के विपरीत बनाए जा रहें निजी विद्यालय के निर्माण को रुकवाने,जल जीवन मिशन का कार्य करवाने, मनरेगा योजानान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2०25 26 के अन्तर्गत नरेगा कार्यो को वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित कराने, सीसी सडक का निर्माण करवाने,डामरीकरण सडक निर्माण करवाने सार्वजनिक निर्माण विभाग से खेतो मे पुल निकासी रोकने बाबत सहित अन्य परिवेदनाएं प्रस्तुत की तथा ग्रामीणों ने एक-एक कर जिला कलक्टर के समक्ष परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने आत्मीयता पूर्वक एक-एक कर परिवेदनाएं सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए । चौपाल में 2० वृद्धावस्था पेंशनधारियों को पीपीओ नंबर जारी कर किया लाभान्वित किया गया। इससे पूर्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी ने पालनहार योजना, पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी ने नि:शुल्क शिक्षा, मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना, गार्गी पुरस्कार योजना, इंदिरा प्रियदर्शनी योजना की विस्तृत जानकारी दी।

इसी प्रकार अन्य विभाग अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला कलक्टर सिंह ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पात्रजन संबंधित विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी लेकर अधिकाधिक लाभ उठाने एवं अन्य को भी प्रेरित करने की अपील। उन्होंने जनजातीय गौरव वर्ष भगवान बिरसा मुंडा एवं वंदे मातरम के 15० वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला स्तर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसमें अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा एनीमिया मुक्त अभियान चलाकर 1 हजार से ज्यादा महिलाओं की जांच की गई है जिसमें पहले से बेहतर सुधार हुआ है तथा आमजन से अपील करते हुए कहा कि मौसमी बीमारी का प्रकोप बचने के लिए अपने आस-पास साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें एवं मौसमी बीमारियों से बचाव करें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड ने रात्रि चौपाल के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी आमजन के मध्य जाकर उनकी समस्या को सुने तथा त्वरित समाधान कर राहत प्रदान करने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाता है। टीएडी उपायुक्त डॉ सत्य प्रकाश कसवा ने आदिवासी समाज के प्रणेता भगवान बिरसा मुंडा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व ग्रामीणों ने जिला कलक्टर सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया प्रोत्साहित:-रात्रि चौपाल में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनबा के उत्कृष्ट खिलाडी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर हौसला अफजाई किया इस दौरान जिला कलक्टर सिंह ने सभी छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए निरंतर आगे बढते हुए अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रात्रि चौपाल में सरपंच लक्ष्मी देवी पदमात, उपखंड अधिकारी बिछीवाडा शाहीन अंजुम, एआईएस व सीसीऐस प्रशिक्षु अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं विकास अधिकारी महेश अहारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## जीडीआरआई स्माइल उदयपुर पहल का आगाज

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजलि डेंटल एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट, उदयपुर द्वारा जीडीआरआई स्माइल उदयपुर पहल का शुभारंभ शुक्रवार को राष्ट्रीय यूथ ब्रशिंग दिवस पर किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उदयपुर की जनता के मौखिक स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस अवसर पर हिरण मगरी सेक्टर-4 स्थित, ज्ञान मन्दिर विद्यालय, में एक व्यापक मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 586 विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया। विद्यार्थियों को दाँत ब्रश करने की सही विधि सिखाई गई, ताकि वे कम उम्र से ही मौखिक स्वच्छता की सही आदतें विकसित कर सकें। गीतांजलि डेंटल के प्राचार्य, डॉ. बालाजी मनोहर ने बताया कि त्रष्ठत्रद्ब स्माइल उदयपुर पहल के अन्तर्गत गीतांजलि डेंटल द्वारा उदयपुर की जनता के लिए नियमित मौखिक स्वास्थ्य गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

# 13.57 ग्राम एमडी के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

■ युवाओं को बेचने की फिराक में था आरोपी

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने 13.57 ग्राम अवैध एमडी (मेफेड्रोन) मादक पदार्थ के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को महारावल स्कूल के पास सरकारी लाइब्रेरी सीसी मार्ग से पकडा गयाए जहां वह कथित तौर पर युवाओं को नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में था।

पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देश पर युवाओं में नशाखोरी रोकने और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन स्वच्छता चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत, सीआई शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में कोतवाली थाना टीम ने यह कार्रवाई की। एसआई चंदूलाल की टीम को महारावल स्कूल के पास एक युवक मोटरसाइकिल पर बैठा संदिग्ध अवस्था में दिखा। पूछताछ करने पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरानए युवक के कब्जे से एक प्लास्टिक की थैली में 13.57 ग्राम एमडी मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहिद उर्फ शाहिर उर्फ अंडा पुत्र सलीम खान पठान निवासी पातेला गरीब नवाज कॉलोनी,डूंगरपुर के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक चंदूलालए हेड कॉनि.लक्ष्मण सिंह जिनकी विशेष भूमिका रही। कॉन्स्टेबल जितेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल महिपाल और कॉन्स्टेबल सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

एक महीने में नशे के खिलाफ एक्शन:-11 अक्टूबर को अवैध मादक पदार्थ ब्राउनशुगर सप्लाई करने वाले वांछित आरोपी शाहरुख उर्फ विठ्ठल उर्फ धारी पुत्र शाहनवाज बहलीम, निवासी कच्ची बस्ती पातेला को गिरफ्तार किया गया। 15 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के मस्तान बाबा दरगाह के पास कब्रिस्तान रोड पर ०7.45 ग्राम मादक पदार्थ ब्राउनशुगर को जब्त कर आरोपी साहिल खान मेव पुत्र मुनीर खान मेव, निवासी बिलायती बाडा वार्ड नंबर 25, पुलिस थाना सलूंबर को अपनी नानी के घर लालपुरा डूंगरपुर से गिरफ्तार किया गया।पुलिस थाना कोतवाली टीम ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर नशा करने वाले बदमाशों को चिह्नित कर 18 अक्टूबर को झालठ मठ रोड पर श्मशान घाट के पास खाली स्थान में झाडियों की आड में छुपकर मादक पदार्थ ब्राउन शुगर का नशा करते युवक करण पुत्र रतनलाल डामोर मीणा, निवासी फतेहपुरा डूंगरपुर को पकडकर उसके कब्जे से मिली धूमपान सामग्री पन्नियों को जब्त किया गया।

# 'सड़क हादसों की रोकथाम पर गंभीर है सरकार'

**राजसमंद, (निसं)।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं एसपी ममता गुप्ता द्वारा सडक सुरक्षा पर विस्तृत बैठक ली गई जिसमें विभिन्न विभागों जैसे परिवहन, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि सडक हादसों की रोकथाम राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सडक सुरक्षा से संबंधित अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सडक हादसों पर नियंत्रण के लिए क्विक रेस्पोंसए निगरानी, कार्रवाई और जन.जागरूकता सबसे प्रभावी साधन हैं। जिला कलक्टर एवं एसपी ने गृह विभाग द्वारा जारी आदेशों की पूर्ण अनुपालना के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ०3 नवम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 15 दिवसीय सडक सुरक्षा अभियान 4 से 18 नवम्बर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं सडक दुर्घटनाओं में कमी लाना, मृत्यु दर घटाना, यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना, सडक उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढाना तथा सडक अधोसंरचना और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ बनाना। जिला कलक्टर एवं एसपी ने इस अभियान के सफ ल क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिलेभर में प्रवर्तन एवं पर्यवेक्षण को प्रभावी बनाया जाए। शराब पीकर, तेज गति से गलत दिशा में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाए। बिना नंबर प्लेट या रिफ्लेक्टर वाले वाहनों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजमार्गों पर हाईवे मोबाइल यूनिट एवं एम्बुलेंस की सक्रियता की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह से समीक्षा करते हुए परिवहन विभाग को ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन और दोहराए गए ओवरस्पीड मामलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि शराब सेवन के मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही हो। चालक एवं खलासी की उपलब्धता का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला स्तर पर संयुक्त निरीक्षण दल गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा चालकों को रिफ्लेक्टर टेप लगवाने हेतु प्रेरित किया जाए। कलक्टर एसपी ने निर्देश दिए कि 45 वर्ष से अधिक आयु के वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण अभियान एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए। ट्रॉमा सेंटरों और अस्पतालों की तत्परता की समीक्षा की जाए तथा एम्बुलेंस की उपलब्धता और संचालन की नियमित जांच की जाए।

यदि किसी चिकित्सक द्वारा गलत प्रमाण पत्र जारी कर लाइसेंस नवीनीकरण किया गया हो, तो विधिक कार्रवाई की जाए।कलेक्टर ने कहा कि सडक सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक उत्तरदायित्व है। सभी विभागों को आपसी तालमेल और सतर्कता से कार्य करते हुए जिले में सडक हादसों की रोकथाम सुनिश्चित करनी होगी ताकि सडक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाया जा सके।

## पीठ में फंसा रामपुरी चाकू

**डूंगरपुर।** हडमतिया मेले में मंदिर में दर्शन करने पहुंचे युवक पर बदमाशों ने रामपुरी चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के बाद चाकू युवक की पीठ में ही फंस गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दोवडा थाना क्षेत्र के हडमतिया मेले में वारदात हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडवा हंगरी फला निवासी विष्णु पुत्र वालचंद परमार गुरुवार को हडमतिया मेले में दर्शन के लिए गया हुआ था। जब वह मंदिर की ओर जा रहा था। उसी समय पीछे से आए दो युवकों ने अचानक रामपुरी चाकू से उसकी पीठ पर वार कर दिया। हमले के बाद चाकू विष्णु की पीठ में फंस गयाए जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पडा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना एम्बुलेंस ओ दी। पायलट शैलेश और ईएमटी निकुंज मौके पर पहुंचे और घायल विष्णु को 1०8 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां इमरजेंसी में भर्ती किया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी कर पीठ में फंसे चाकू को बाहर निकाला। प्राथमिक इलाज के बाद परिजनों ने विष्णु को प्राइवेट अस्पताल लेकर चले गए।

# यूडीए की कार्यवाही से प्रभावित पीड़ितों ने जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के समीप सविना ग्रामीण ग्राम पंचायत में यूडीए द्वारा गुरूवार को तोडे गए अवैध निर्माण के विरोध में स्थानीय लोग शुक्रवार को पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली और जिला प्रशासन के पास अपनी पीडा लेकर पहुँचे और बताया कि वे वहां पर वर्षो से काबिज है और यूडीए ने बिना उनका पक्ष सुने उनके मकानों को तोड दिया। ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा भी मौके पर गए और वहां पर प्रभावितों से मिले और उनकी बात को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार सविना ग्रामीण ग्राम पंचायत के हाईवे के समीप कोटडियां फला क्षेत्र में यूडीए की 20 बीघा जमीन पर कुछ भूमाफियाओं ने प्लानिंग काटकर लोगों के औने-पौने दामों पर जमीन बेच दी थी। इस पर लोगों ने मात्र एग्रीमेंट के आधार पर यहां पर प्लॉट खरीदकर वहां पर मकानों का निर्माण कर लिया। मामले के सामने आने पर गुरूवार को मौके पर यूडीए की टीम पहुंची और अवैध रूप से बने निर्माणों को तोडना शुरू कर दिया। यूडीए की टीम ने दिनभर में करीब 102 कच्चे- पक्के निर्माण, कोटडियां, बाउण्ड्रीवाल और निर्माणाधीन मकानों को तोड दिया। इधर इस घटना को लेकर शुक्रवार सुबह ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा मौके पर गए और वहां पर प्रभावितों से मिले और उनकी बात सरकार तक पहुचाने का आश्वासन दिया।

विधायक मीणा को बताया कि मौके पर वे यहां पर वर्षो से रह रहे है और यूडीए ने उनका पक्ष सुने बिना न ही उनके घरों को तोड दिया। मौके पर विधायक में मीणा ने इस मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का ने आश्वासन दिया और आश्वस्त किया कि सरकार से न कोई ना कोई राहत दिलाने का काम किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय लोग जिनके निर्माण टूटे थे, वे सभी भाजपा कार्यालय पहुँचे जहां पर प्रदर्शन किया और पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली से भी मिले।पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली ने भी कहा कि मामले को विधायकों के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक पहुंचाया जाएगा और उचित सहायता के प्रयास किए जाएंगे। वहीं सभी प्रभावित यहां से कलेक्ट्री पहुँचे और कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया तथा ज्ञापन दे कर सहयता की मांग की ।

इधर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को कांग्रेस की पूर्व विधायक एवं गिर्वा प्रधान सज्जन कटारा मौके पर पहुँची। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी व्यथा सुनी तथा भाजपा सरकार की कार्यशैली पर कडा प्रहार किया।सज्जन कटारा ने कहा कि श्भाजपा सरकार आमजन की गाढी कमाई और सिर से छत छीनने में जुटी है। विकास के नाम पर जनता के घरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर किया जा रहा है जबकि जिन लोगों ने अवैध कब्जे करवाएए वे आज सत्ता की सरपरस्ती में हैं।उन्होंने इस कार्रवाई को मनमानी,अमानवीय और गरीब.विरोधी बताते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है।कटारा ने पीडतिों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस उनके साथ खडी है और हर संभव कानूनी व जनआंदोलन के माध्यम से न्याय दिलाया जाएगा।

## सार-समाचार

### फतहसागर की पाल पर हुआ आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों की नगरी उदयपुर शुक्रवार को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगी सी नजर आई। वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फतहसागर झील की पाल पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के प्रभारी तथा राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। झील की लहरों के संग 'वंदे मातरम' की गूंज ने देशभक्ति का अलौकिक वातावरण निर्मित कर दिया। लहरों के साथ राष्ट्रभक्ति का जज्बा भी हिलोरें लेता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। प्रभारी मंत्री मीणा, सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, युडीए आयुक्त राहुल जैन, गजपालसिंह राठौड़, पुष्कर तेली, मिथलेश कुमार, बंशीलाल खटीक, चंद्रगुप्तसिंह चौहान, पारस सिंघवी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, बड़गांव एसडीएम लतिका पालीवाल, उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने अतिथियों का उपरणा ओढ़ा स्वागत किया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रस्तुतियों के दौरान अतिथि और दर्शक वंदे मातरम् का जयघोष करते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने वाटर स्पोर्टस् एक्टिविटी का शुभारंभ किया। कैनाईंग, कयाकिंग खिलाड़ियों ने प्रस्तुतियां दी। साथ ही ड्रेगन बोट का भी प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवकों की राष्ट्रभक्ति रैली से हुई। जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल के निर्देशन में निकाली गई रैली काला किवाड़ से प्रारंभ होकर टाया पैलेस तक पहुंची। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों को नमन के साथ हुई। प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायक फूलिंसह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निगम परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

### आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान तथा जिला एवं सैशन न्यायाधीश उदयपुर (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर ) ज्ञानप्रकाश गुप्ता के निर्देशानुसार उदयपुर में जिला मुख्यालय पर लीगल एड डिफेंन्स कार्यालय के लिए 1 डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल एवं 2 असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल पूर्णतया अस्थायी आधार पर और लिये जाएंगे। इसके लिए 17 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप शर्मा ने बताया कि 1 डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल एवं 2 असिस्टेंट लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल को पूर्णतया अस्थायी आधार सविदात्मक पर मनोनयन किया जाएगा, जिन्हें पूर्णतया मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा। डिप्टी एल.ए.डी.सी. को मासिक रूप से 40,000 से 60,000 एवं असिस्टेंट एल.ए.डी.सी. को 20,000 से 35,000 प्रदान किये जाएंगे। उक्त पदों के लिए अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर या वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन संपूर्ण दस्तावेजां सहित 17 नवम्बर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के कार्यालय में प्राप्त होना जरूरी है।

## प्रतिमाओं को मंदिर में किया स्थापित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सर्व समाज के तत्वावधान में आनंदपुरी कस्बे में चार दिवसीय अंबाजी मंदिर शिखर व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्णाहुति में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व यजमान परिवारों ने नारियल होम व महाआरती में भाग लेकर भूदेवो का आशीर्वाद प्राप्त किया। चतुर्थ कल्याणकारी दिवस पर प्रतिष्ठाचार्य पंकज पंडया व मेहुल पंड्या के सानिध्य में मंदिर पर शिखर, ध्वज दंड व प्राण प्रतिष्ठित देव प्रतिमाओं को ढोल बाजों के साथ जयघोष लगाते हुए स्थापित किया गया।


**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3965 दि. 3.11.2025

**आपत्ति सूचना पत्र-83569**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री श्याम सुन्दर शर्मा निवासी पुलिस लाईन तहसील एवं जिला राजसमन्द द्वारा पेत्रक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो स्थान राजस्व ग्राम जावद के खसरा नम्बर 1138/1067 जिसका पट्टा संख्या 927 दिनांक 30.01.2014 को जारी हुआ जिसका भूखण्ड संख्या 26 कुल क्षेत्रफल 2378.50 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड में से क्रयशुदा/प्राप्तशुदा भूखण्ड सख्या 26 का जिसका कुल क्षेत्रफल 1200.00 वर्गफीट का उपविभाजन / एकीकरण / नामान्तरण चाहा गया है, जिसका पडौस निम्नुसार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 40' | पड़ौस | रास्ता 40 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 40' | पड़ौस | प्लॉट संख्या 26A |
| उत्तर | 30' | पड़ौस | प्लॉट संख्या 25 |
| दक्षिण | 30' | पड़ौस | रास्ता 40 फीट चौड़ा |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी सहमति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक: F7() B.PLAN/MISC/2025-26/1332 दिनांक: 7.11.2025

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-204 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण गतिविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती हुकुम कंवर श्री हिम्मत सिंह राव | सुखेर | 1526 मीन | 66 | 2650.00 वर्गफीट | भैरवगढ़ रिसोर्ट के सामने न्यू पलक विहार योजना की प्रस्ताविक 80 फीट सड़क पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनाथ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर



2025 International Year of Cooperatives

**राजस्थान आवासन मण्डल**
(A State Govt-enterprise constituted under RHE Act 1970)
**वृत्त -उदयपुर**
"Salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur- 313002, E Mail- DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांकः- उप आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/695 दिनांकः 16/10/2025

**-: जाहिर आम सूचना (मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण) :-** Registered

आवास संख्या 3-द-4 आयवर्ग EWS माप 59.06 वर्ग मीटर योजना हिरण मगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री गुरूमुखदास पुत्र श्री हरदोमल जी को आवंटन पत्र क्रमांक 2943 दिनांक 02.07.1983 जारी कर कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण-पत्र क्रमांक 186 दिनांक 04.05.2001, श्री गुरूमुखदास पुत्र श्री हरदोमल जी को जारी किया गया। तत्पश्चात् श्री गुरुमुखदास पुत्र श्री हरदोमल जी ने उक्त आवास का बैचान श्री भवंरलाल पुत्र श्री भेरूलाल जी को किया गया। श्री भवंरलाल पुत्र श्री भेरूलाल जी को कार्यालय द्वारा पत्रांक 433 दिनांक 20.05.2003 को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया।
श्री भवंरलाल पुत्र श्री भेरूलाल जी की मृत्यु दिनांक 06.09.2019 को हो जाने के पश्चात् श्री रविन्द्र सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा एवं श्री रणजीत सिंह कच्छावा पुत्र स्व.श्री भंवरलाल कच्छावा ने कानुनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष मे करने हेतु मण्डल में आवेदन किया है। मृतक के विधिक वारिसान भारती कच्छावा पुत्री स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा एवं आरती कच्छावा पुत्री स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा ने दिनांक 25.05.2022 को हक त्याग पत्र (पंजीकृत) द्वारा अपने अधिकारो का त्याग श्री रविन्द्र सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा एवं श्री रणजीत सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया। श्री रविन्द्र सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा एवं श्री रणजीत सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र, हक त्याग-पत्र (पंजीकृत) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रो में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को संयुक्त रूप से उनके नाम कर नाम प्रतिस्थापन्न कर दिया जावें।
अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 3-द-4, हिरण मगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना, उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्री रविन्द्र सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा एवं श्री रणजीत सिंह कच्छावा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल कच्छावा के पक्ष में संयुक्त रूप से हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में हक त्याग - पत्र (पंजीकृत) के आधार पर दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त - उदयपुर



**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक /न.पा.नाथ./69 क/2025/14003 दिनांक:- 7.11.25

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दे अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणें में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री दिनेश दिक्षित रमणलाल दिक्षित, आकाश दिक्षित/ हेमन्त दिक्षित, दिव्यांश दिक्षित/दिलिप दिक्षित | सिंधी कॉलोनी, कुम्हारवाड़ा नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 456.75 वर्गफीट | रोशनलाल जी का मकान | बाबुलाल, प्रभुलाल/ भगवानजी प्रजापत का मकान | हीरालाल तेली का मकान | सामलाती रास्ता व श्रीमती रजनी देवी/रमणलाल जी की होटल |
| 2. | श्री दिनेश दिक्षित रमणलाल दिक्षित, आकाश दिक्षित/ हेमन्त दिक्षित, दिव्यांश दिक्षित/दिलिप दिक्षित | सिंधी कॉलोनी, कुम्हारवाड़ा नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 133.25 वर्गफीट | श्रीमति रजनी देवी पत्नि रमणलाल दिक्षित की होटल | सामलाती रास्ता | श्रीमति रजनी देवी पत्नि रमणलाल दिक्षित की होटल का भाग | सिन्धी कॉलोनी से रामपुरा दिल्ली बाजार जाने वाला मेन रोड |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा